# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**ANNUAL EXAMINATION 2024-25**
**HINDI (085)**

Class : IX — Duration : **3 Hrs**
Date : 18.02.2025 — Max. Marks : **80**
Admission No.: — Roll No.:

---

सामान्य निर्देश -

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्न पत्र में कुल 6 पृष्ठ हैं। सर्वप्रथम जाँच कर लें।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खण्ड क

(अपठित बोध – **14** अंक)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

नदियों को धरती का प्राण माना जाता है। ये हमारी पृथ्वी व समस्त जीव जगत को जीवन देती हैं । जब नदियों के जीवन पर ही संकट मंडरा रहा हो तो अन्य जीव जगत पर क्या असर होगा ? यह स्थिति डराती है। खासकर तब, जब विशेषज्ञों का मानना हो कि 2030 तक दुनिया में पानी की माँग कुल आपूर्ति से ज्यादा हो जाएगी। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि हमने नदियों के प्रवाह को बाधित किया है, उनके प्रवाह मार्ग में अवरोध पैदा किए हैं और उनमें अपनी आत्मा का सर्वस्व उड़ेलने वाली छोटी नदियों की परवाह ही नहीं की। नदियों के तटों पर अतिक्रमण कर हम विकास का नारा बुलंद कर रहे हैं । नदियाँ दुखी न हों तो क्या करें। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड सहित यूरोप के विविध देशों में शायद इसीलिए नदियों के तटबंध तोड़े जा रहे हैं ताकि नदियों को उद्यम प्रवाह की आज़ादी मिल सके। इस प्रसंग में छोटी नदियों को पुनर्जीवित करना बहुत जरूरी है ,क्योंकि छोटी नदियाँ न केवल किसी क्षेत्र विशेष की जल संबंधी जरूरतों को पूरी करती हैं ,बल्कि अनेक छोटी नदियाँ मिलकर किसी बड़ी नदी को अपने समर्पण से समृद्ध भी करती हैं। छोटी नदियों को बचाने के लिए संसाधनों से अधिक संकल्प की आवश्यकता है।भू-जल स्तर, पारिस्थितिक तंत्र एवं जैव विविधता को स्थिर रखने के लिए नदियों के प्रवाह क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाना व प्रदूषण मुक्त रखना बेहद जरूरी है । शासन प्रशासन व आमजन की दृढ़ इच्छाशक्ति, निगरानी और नियंत्रण द्वारा ही नदियों को बचाया जा सकता है।

(क) गद्यांश के अनुसार कौन सी स्थिति डराती है ? (अंक**1**)

**(1)** जलीय जीव जंतु की संख्या का कम होना।
**(2)** नदियों के तत्वों पर औद्योगिक विकास होना ।
**(3)** नदियों का अपने मार्ग को छोड़कर बहना ।
**(4)** जीवनदायिनी नदियों का प्रदूषित होना ।

(ख) विशेषज्ञ 2030 तक,किस बात के लिए सचेत कर रहे हैं ? (अंक**1**)

**(1)** लगभग सभी नदियाँ प्रदूषित हो जाएँगी।
**(2)** हमें नदियों का प्रवाह बाधित करना पड़ेगा।
**(3)** हमें छोटी नदियों की परवाह करनी होगी ।
**(4)** जल की आपूर्ति जल की माँग से बहुत कम हो जाएगी।

**(ग)** कथन और कारण को पढ़कर सही विकल्प चुनिए - **(अंक1)**

कथन : (A) यूरोप के देशों में नदियों के तटबंध तोड़े जा रहे हैं।

कारण: (R) नदियों को उद्यम प्रवाह की आज़ादी मिले और वे पुनर्जीवित हो जाएँ।

**(1)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

**(2)** कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

**(3)** कथन (A) व कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(4)** कथन (A) गलत है , लेकिन कारण (R) सही है।

**(घ)** नदियों को जीवित रखने के लिए क्या क्या करना होगा ? **(अंक2)**

**(ङ)** छोटी नदियों को कैसे बचाया जा सकता है ? **(अंक2)**

प्रश्न **2** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

स्वावलम्बी व्यक्ति के सामने असम्भव कार्य भी सम्भव दिखने लगता है। स्वावलंबन के दो पहलू हैं - आत्मनिश्चयता और आत्मनिर्भरता । इसे इस दृष्टांत से अच्छी तरह समझा जा सकता है - एक बार विधाता अपनी सृष्टि को देखने निकले। धरती पर पहुँचकर उन्होंने देखा कि एक किसान फावड़ा लेकर विशाल पर्वत की जड़ खोद रहा है। उन्होंने किसान से इसका कारण पूछा। किसान ने बताया, बादल आते हैं और इस पर्वत से टकराकर इसके दूसरी ओर वर्षा कर देते हैं। मेरे खेत सूखे ही रह जाते हैं, अतः मैं इसे हटाकर ही दम लूँगा। “विधाता किसान के स्वावलंबन से प्रभावित होकर आगे बढ़े, तभी पर्वत गिड़गिड़ाने लगा, ”भगवान इस किसान से मेरी रक्षा कीजिए। “विधाता ने पूछा, ”तुम एक छोटे से किसान से इतने भयभीत हो? ”पर्वत बोला,” किसान छोटा है तो क्या”, वह स्वावलंबी है,उसका आत्मविश्वास अडिग है। इन दोनों के सहारे वह मुझे हटाकर ही दम लेगा।” इसके ठीक विपरीत छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी दूसरों पर आश्रित रहना परावलंबन कहलाता है। परावलंबी व्यक्ति हाथ रहते लूला और पैर रहते लंगड़ा है। जिसमें अपने पैरों पर खड़े होने का सामर्थ्य नहीं है, वह दूसरों का कंधा पकड़कर कब तक चलता रहेगा ? एक झटका लगते ही ऐसा व्यक्ति धराशायी हो जाता है। इसे इस दृष्टांत से समझा जा सकता है- मेज़ के सहारे एक शीशा रखा था। चंचल बालक ने मेज़ को थोड़ा सा खिसका दिया और शीशा टूटकर चूर-चूर हो गया। अतः जीवन में जो दूसरों के सहारे खड़ा होना चाहते हैं, उनके अंत का भी कारण ऐसा ही होता है। कहा भी गया है- ईश्वर भी उसी की सहायता करता है जो अपनी सहायता स्वयं करता है। महाकवि तुलसीदास बचपन से ही अनाथ थे। वे दाने-दाने के लिए मोहताज रहते थे। फिर भी आत्मनिर्भरता के सहारे ही स्वतंत्र लेखन का कार्य कर भारत के लोककवि कहलाए।

**(क)** स्वावलंबन के दो पहलू कौन-कौन से हैं ? **(अंक 1)**

**(1)** परिश्रम और दूसरों का सहारा

**(2)** आत्मनिश्चयता और आत्मनिर्भरता

**(3)** मेहनत और पड़ोसियों से सहारा लेना

**(4)** आराम के साथ-साथ सभी पर भरोसा

**(ख)** ’ईश्वर भी उन्हीं की सहायता करते हैं जो……..।’उपयुक्त कथन से वाक्य पूरा कीजिए। **(अंक1)**

**(1)** दूसरों से सहायता लेते हैं ।

**(2)** दूसरों का विरोध करते हैं।

**(3)** अपनी सहायता स्वयं करते हैं ।

**(4)** किसी की सहायता नहीं करते।

**(ग)** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण ( R ) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(अंक 1)**

कथन ( A) किसान पर्वत को हटाकर ही दम लेगा।

कारण ( R ) किसान स्वावलंबी है और उसका आत्मविश्वास अडिग है।

**(1)** कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों गलत हैं।

**(2)** कथन ( A) गलत है लेकिन कारण (R ) सही है।

**(3)** कथन (A ) सही है लेकिन कारण (R ) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**(4)** कथन ( A )और कारण (R ) दोनों सही है तथा कारण ( R )कथन( A ) की सही व्याख्या करता है।

(घ) 'परावलंबी व्यक्ति' का अंत कैसा होता है? (अंक **2**)

(ङ) महाकवि तुलसीदास अपनी किन विशेषताओं की वजह से लोककवि के रूप में प्रसिद्ध हुए? (अंक **2**)

## खण्ड ख

### (व्यावहारिक व्याकरण बोध – **16** अंक)

प्रश्न **3** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (अंक**2**)

(क) शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए।

(ख) वाक्य में प्रयुक्त शब्द को क्या कहते हैं ?

प्रश्न **4** निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (अंक**2**)

(क) अबर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए।

(ख) काच में अनुनासिक का प्रयोग कीजिए।

(ग) अनुस्वार और अनुनासिक में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न **5** किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक **2**)

(क) उपसर्ग किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए।

(ख) कार शब्द में उचित उपसर्ग लगाकर नया शब्द बनाए।

(ग) आजीवन मूलशब्द और उपसर्ग अलग कीजिए।

प्रश्न **6** किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (अंक **2**)

(क) प्रत्यय किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए।

(ख) सफलता में कौन सा प्रत्यय है ?

(ग) ईय प्रत्यय लगाकर नया शब्द बनाए।

प्रश्न **7** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (अंक **2**)

(क) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(ख) आप कहाँ रहते हो ? वाक्य का भेद बताइए।

(ग) विस्मयवाचक वाक्य बनाइए ।

प्रश्न **8** संधि पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (अंक **3**)

(क) स्वर संधि के कितने भेद होते हैं ? नाम लिखिए।

(ख) हिम+आलय (संधि कीजिए)

(ग) गणेश ( संधि विच्छेद कीजिए)

प्रश्न **9** विराम चिन्हों पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (अंक **3**)

(क) आप कहाँ रहते हो ? वाक्य में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है ?

(ख) विराम का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(ग) किस विराम चिह्न का प्रयोग प्रश्न सूचक व विस्मयादिबोधक वाक्य में नहीं होता हैं ?

## खण्ड ग

### (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पुस्तक बोध – **28** अंक)

प्रश्न **10** गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (अंक **5**)

उन्हीं दिनों वे वाद्ययंत्रों की ओर आकृष्ट हुए। वे वाद्ययंत्रों की ध्वनियों के पीछे छिपे वैज्ञानिक रहस्यों की परतें खोलने का प्रयास कर रहे थे । इस दौरान उन्होंने अनेक वाद्ययंत्रों का अध्ययन किया जिसमें देसी और विदेशी दोनों प्रकार के वाद्य यंत्र थे ।वाद्ययंत्रों पर किए जा रहे शोध कार्यों के दौरान उनके अध्ययन के दायरे में जहाँ वायलिन चैलो या पियानो जैसे विदेशी वाद्य आए ,वहीं वीणा ,तानपुरा और मृदंग पर भी उन्होंने काम किया ।उन्होंने वैज्ञानिक सिद्धांतों के आधार पर पश्चिमी देशों की इस भ्रांति को तोड़ने की कोशिश की कि भारतीय वाद्ययंत्र विदेशी वाद्यों की तुलना में घटिया हैं।वाद्य यंत्रों के कंपन के पीछे छिपे गणित पर उन्होंने अच्छा खासा काम किया और अनेक शोध पत्र भी प्रकाशित किए।

(क) ’उन्हीं दिनों में वाद्य यंत्रों की ओर आकर्षित हुए।’ पंक्ति में ’वे ’शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

**(1)** शिक्षा शास्त्री सर आशुतोष मुखर्जी

**(2)** चंद्रशेखर वेंकट रमन

**(3)** रमन के पिताजी

**(4)** महान संगीतज्ञ

(ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) भारतीय वाद्ययंत्र विदेशी वाद्ययंत्रों की तुलना में घटिया नहीं हैं ।

कारण (R) वाद्ययंत्रों की ध्वनियों के पीछे छिपे वैज्ञानिक रहस्य की परतों को खोलने के लिए इनका अध्ययन एवं शोध करके दिखाया।

**(1)** कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

**(2)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(3)** कथन (A) सही नहीं है लेकिन कारण (R) सही है ।

**(4)** कथन (A) और करण (R) दोनों गलत हैं ।

(ग) रामन द्वारा किन वाद्य यंत्रों का अध्ययन किया गया ?

**1.** देसी वाद्ययंत्रों का

**2.** विदेशी वाद्ययंत्रों का

**3.** पश्चिमी देशों के वाद्ययंत्रों का

**(1)** केवल 1 सही है

**(2)** 1 और 3 सही है

**(3)** 1 और 2 सही है

**(4)** 2 और 3 सही है

(घ) रामन ने वाद्ययंत्रों का अध्ययन करके पश्चिमी देशों की इस भ्रांति को तोड़ा ।

उक्त पंक्तियां में रामन द्वारा किस प्रकार की भ्रांति को तोड़ने का उल्लेख है ?

**(1)** भारतीय वाद्ययंत्र विदेशी वाद्य यंत्रों की तुलना में घटिया है।

**(2)** भारतीय वाद्य यंत्र विदेशी वाद्य यंत्रों की तुल्य तुलना में बढ़िया है।

**(3)** केवल भारतीय वाद्ययंत्र ही अच्छे होते हैं।

**(4)** केवल विदेशी वाद्ययंत्र ही अच्छे होते हैं।

(ङ) वाद्ययंत्रों के कंपन के पीछे छिपे गणित पर रामन ने कार्य करने के साथ और क्या किया ?

**(1)** वाद्ययंत्रों को बजाना सीखा।

**(2)** अनेक शोध पत्र प्रकाशित किए ।

**(3)** वाद्ययंत्रों को बनाना सीखा ।

**(4)** अन्य किसी बात पर ध्यान नहीं दिया ।

प्रश्न **11** निम्न प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(अंक6)**

(क) भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था ? ‘दुख का अधिकार’ पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) हिमपात किस तरह का होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं ?

(ग) अतिथि को जाने के लिए लेखक ने किस-किस तरह के संकेत दिए ?

(घ) महादेव भाई की साहित्यिक देन क्या है ?

प्रश्न **12** पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। **(अंक 5)**

ऐसी लाल तुझ बिन कउनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआँ मेरा माथे छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तूहीं ढरै।
नीचहुँ ऊँच करै मेरा गोविंद तू काहू ते ना डरे ।।
नामदेव कबीर त्रिलोचन सधना सैनु तरे ।
कहि रविदास सुनहु रे संतहुँ हरिजीउ ते सभै सरै ।।

**(क)** कवि ने गरीब निवाजु किसे कहा है?

**(1)** संत महात्माओं को
**(2)** अपने प्रभु को
**(3)** राजा महाराजाओं को
**(4)** अपने गुरु को

**(घ)** प्रस्तुत काव्यांश में कवि रैदास ने अपने स्वामी को किस नाम से संबोधित किया है?

**(1)** हरिजीउ
**(2)** गुसईआँ
**(3)** लाल
**(4)** यह सभी

**(ग)** यह पद हमें क्या संदेश देता है?

**(1)** जाति प्रथा और भेदभाव को समाप्त करने का
**(2)** स्वयं की उन्नति करने का
**(3)** निम्न वर्ग में जन्म न लेने का
**(4)** कृष्ण की पूजा अर्चना करने का

**(घ)** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) कवि संतों से ईश्वर की शरण में जाने को कह रहा है
कारण (R) क्योंकि ईश्वर ही उन्हें भवसागर से पर लगा सकतेहैं

**(1)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है ।
**(2)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है ।
**(3)** कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।
**(4)** कथन (A) गलत है लेकिन कारण Rसही है।

**(ङ)** 'मेरा गोविंदु काहु ते ना डरै' पंक्ति से क्या आशय है?

**(1)** ईश्वर अच्छे लोगों से डरते हैं ।
**(2)** ईश्वर को किसी का भी भय नहीं हैं ।
**(3)** ईश्वर अछूत लोगों से डरते नहीं हैं ।
**(4)** ईश्वर ऊँची जाति वाले लोगों से डरते नहीं हैं।

प्रश्न **13** निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(अंक6)**

**(क)** गीत गीत इस कविता में किन-किन को गीत गाने वाला कहा गया है और क्यों ?
**(ख)**'एक पत्र छाँह भी माँग मत' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
**(ग)** जहाँ अगरबत्तियाँ बनती हैं वहाँ का माहौल कैसा होता है ?
**(घ)** अग्निपथ इस कविता में कवि ने कौन सी शपथ लेने के लिए कहा है ?

प्रश्न **14** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए **( 3 x 2=6)**

**(**क  गिल्लू कौन था ? उसके जीवन के अंतिम क्षणों का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**(**ख**)** 'स्मृति' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

**(**ग**)** त्रिपुरा राज्य के बारे में अपने शब्दों में लिखिए।

**(**घ**)** 'मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय' पाठ के माध्यम से लेखक विद्यार्थियों को क्या शिक्षा देना चाहता है ?

खण्ड घ

**(**लेखन कौशल बोध – **22** अंक**)**

प्रश्न **15** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **(**अंक **6)**

**(**क**)** परिश्रम का जीवन में महत्व

संकेत बिंदु -
- परिश्रम से अभिप्राय
- परिश्रम के लाभ
- परिश्रम की उपयोगिता
- परिश्रम एवं सफलता में संबंध

**(**ख**)**  वर्षा में भीगने का आनंद

संकेत बिंदु -
- कब और कहाँ की घटना
- भीगने का अनूठा अनुभव
- मन पर पढ़ने वाला प्रभाव

**(**ग**)**  मेरा प्रिय खेल

संकेत बिंदु -
- जीवन में खेल कूद का महत्व
- प्रिय खेल होने का कारण
- खेल के नियम

प्रश्न **16** छात्रावास में रह रहे छोटे भाई के द्वारा की गई मोबाइल फोन की माँग पर अभी इसका उपयोग न करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। **(**अंक **6)**

अथवा

आपके विद्यालय से छात्रों का समूह अयोध्या जा रहा है। इस यात्रा में शामिल होने के कारणों का उल्लेख करते हुए अपने पिता से अनुमति माँगने हेतु एक पत्र लिखिए।

प्रश्न **17** आपके पैर में चोट लगी है। माँ द्वारा कारण पूछे जाने पर उनसे होने वाले संवाद को लिखिए। **(**अंक **5)**

अथवा

ट्रेन में सफर कर रहे दो यात्रियों के बीच की बातचीत को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न **18** नीचे दिए गए दृश्य को ध्यान से देखिए और दृश्य को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए ।जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध दृश्य से होना चाहिए। **(**अंक **5)**



**======================================** समाप्त **======================================**